हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 13 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री


12 माशा चेमल में मनाया गया पर्यावरण संरक्षण





12 भाजपा ने पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाई






## खबर संक्षेप

### सुरक्षा बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करना अनिवार्य

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी कार्यालयों में कार्यरत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाहन चलाते समय सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में शासकीय कर्मचारियों की मृत्यु तथा गंभीर रूप से घायल होने की दुःखद घटनाओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा मोटरयान अधिनियम 2019 में वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग किया जाना अनिवार्य एवं आवश्यक भी है।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत गोण्डाहुर निवासी 40 वर्षीय अर्चना मजुमदार का ईलाज के दौरान 26 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजें मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अननुसार मृतिका को सांप ने काट लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## चुनाव : पहले चरण में तीन विकासखंड में मतदान 17 फरवरी को

# पंचायत चुनाव : प्रथम चरण के मतदान के लिए गांवों में बनने लगा महौल, प्रचार तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पंचायत के पहले चरण का मतदान आज से पाँचवे दिन 17 फरवरी को है। पहले चरण का मतदान कांकेर जिले के तीन विकासखंड कांकेर, नरहरपुर और चारामा में होना है। इन ईलाकों में चुनाव लड़ने वाले पंच अपने वार्ड में, सरपंच गांव में, जनपद सदस्य तीन से चार पंचायत में और जिला पंचायत सदस्य लगभग 30 से 36 ग्राम पंचायतों में चुनाव प्रचार करने में डटे हुए है। ग्रामीण मतदाताओं की भी पूछ परख बढ़ गई है। प्रचार में तेजी आने से गाँव में चुनावी माहौल दिखने लगा है।

जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पहले चरण में 17 फरवरी के मतदान की तैयारी अंतिम चरण में है और प्रत्याशी अपने स्तर पर तैयारी करने में डटे हुए है। पहले चरण में विकासखंड कांकेर, नरहरपुर और चारामा के अंतर्गत पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य अपने प्रचार में डटे हुए है और गाँव गाँव पहुँचकर मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए है। गांव की सत्ता का सबसे कठिन चुनाव पंच का होता है, 80 से 100 मतदाताओं को रिझाने के लिए पंच प्रत्याशी का पसीना छूट जाता है। भाजपा और कांग्रेस ने केवल जिला पंचायत सदस्य को ही अधिकृत किया है। जनपद सदस्य और सरपंच में किसी को अधिकृत नहीं किया गया। चुनाव लड़ने वाले पार्टी से जुड़े हुए है और कई जनपद क्षेत्र में एक ही पार्टी के कई उम्मीदवार हो जाने से वहाँ का समीकरण भी बिगड़ रहा है। जिला पंचायत के लिए अभी प्रत्याशी ही दौड़ लगा रहे है। नगरीय निकाय चुनाव खत्म होने के बाद अब जिला पंचायत सदस्य के लिए पार्टी ▶▶| शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- गाँव-गाँव में प्रत्याशी ढोल नगाड़ों के माध्यम से कर रहे हैं प्रचार
- कांकेर, नरहरपुर और चारामा के पंचायत क्षेत्रों में सरपंच-पंच, जनपद सदस्य और जिपं सदस्य प्रचार में जुटे




### 16 सरपंच निर्विरोध चुने गए, 398 में होगा चुनाव

जिले में सरपंच के लिए 434 पंचायत में चुनाव होना था, जिसमें 16 पंचायत ऐसी है, जहाँ पर निर्विरोध सरपंच चुने गए, इसके अलावा 40 ऐसी ग्राम पंचायत है, जहाँ पर संवीक्षा में केवल एक ही आवेदन सही पाया गया। सरपंच के लिए अब 398 पंचायत के लिए चुनाव होना है, इन पदों के लिए 1462 प्रत्याशी अपनी किस्मत अजमा रहे है।

### 288 पंच निर्विरोध चुने गए, 2220 में होगा चुनाव

जिले के सभी सातों विकासखंड की 454 पंचायत के 5923 वार्डो के लिए वार्ड पंच का चुनाव होना था। इनमें से जिले में 288 वार्ड पर निर्विरोध पंच निर्वाचित हुए वहीं 3399 ऐसे वार्ड है, जहाँ पर केवल एक प्रत्याशी का नामांकन फार्म सही पाया गया, इन वार्डो में भी चुनाव नहीं होगा। पंच के लिए 16 ऐसे वार्ड है, जहाँ पर दाखिल किए गए नामांकन फार्म खारिज हो गए, इइन वार्डो के लिए अब 6 माह बाद उपचुनाव होगा। चुनाव के लिए अब केवल 2220 वार्ड पंच के लिए चुनाव होगा, इसके लिए 5125 प्रत्याशी मैदान में है।

### 115 जनपद सदस्य के लिए 449 प्रत्याशी मैदान में

जिले के सात विकासखंड में 115 जनपद सदस्य के लिए 449 प्रत्याशी मैदान में है। कांकेर जनपद पंचायत के लिए 16 जनपद सदस्य, नरहरपुर जनपद पंचायत के लिए 19 जनपद सदस्य, चारामा जनपद पंचायत के लिए 17 जनपद सदस्य, भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के लिए 14 जनपद सदस्य, दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत के लिए 11 जनपद सदस्य, अंतागढ़ जनपद पंचायत के लिए 13 जनपद सदस्य और कोयलीबेड़ा जनपद पंचायत के लिए 25 जनपद सदस्य के लिए चुनाव होना है।

### 13 जिपं सदस्यो के लिए 62 प्रत्याशी मैदान में

जिला पंचायत कांकेर में 13 सदस्यों के लिए मतदान होना है, जिसके लिए 62 प्रत्याशी मैदान में है। कई क्षेत्र के लिए सीधी टक्कर है, वहीं कई जगह पाँच से भी ज्यादा प्रत्याशी मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 02 में चुनावी संघर्ष बहुत ज्यादा बना हुआ है, यह सीट अजा के लिए आरक्षित है।

# बहन को गाली एवं जान से मारने की धमकी देने पर कार को क्षति पहुंचाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत बरदेभाटा में पड़ोसी अपनी बहन को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था। पड़ोसी को ऐसी हरकत करने के लिए मना करने पर आरोपी ने समझाने वाले युवक को गाली देते हुए उसकी कार और छत्र के सीमेंट को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे कोदाभाट निवासी नरेन्द्र यादव पिता श्रीराम यादव ने पुलिस को बताया कि मैं 9 फरवरी दिन रविवार को सुबह 9 बजे दुर्गेश कावड़े पिता स्व. आंनद राम कावड़े निवासी ग्राम कोदाभाट जो कि मेरा पड़ोसी है, अपनी बहन यशोदा कावड़े को जोर जोर से गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था, जो सुनने में बुरा लग रहा था, जिसे समझाने गया, तो मुझे भी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये मेरे घर के छप्पर का सीमेट सीट एंव घर के सामने खड़ी मेरी कार वाहन क्रमाक सीजी 19 सी को पत्थर मारकर तोड़ दिया, जिससे मुझे आर्थिक क्षति हुआ है। आरोपी के द्वारा किए गए कृत्य को मुहल्ले में रहने वाले सुरेश पोटाई , राधा पटेल एंव यशोदा कावड़े देखे है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश कावड़े के खिलाफ धारा 296,351(2),324(4) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया।

# मतदान दल देर रात तक लौटे, ईवीएम जमा, स्ट्रांग रूम सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- एक नगर पालिका और चार नगर पंचायत के लिए 15 फरवरी को होगी मतगणना



नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2025 के तहत कांकेर जिले में एक नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद के अलावा 4 नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के लिए 11 फरवरी को मतदान हुआ। मतदान के पश्चात ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करने के बाद कक्ष को सील किया गया। जिले के एक नगर पालिका और 4 नगर पंचायत के लिए मतदान सायं 5 बजे संपन्न हुआ और उसके उपरांत देर रात तक मतदान दल स्ट्रांग रूम पहुँचे और सामग्री को सेक्टर वार जमा करवाया, उसके उपरांत ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया। कांकेर नगर पालिका के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक कुमार विश्वरंजन और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम मशीन को रखने के पश्चात कक्ष को देर रात सुरक्षित ढंग से सील किया गया है। स्ट्रांग रूम को सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे, एसडीम अरुण वर्मा सहित निर्वाचन संबंधी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मतगणना के दिन 15 फरवरी को स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा और ईव्हीएम से मतों की गणना की जाएगी। नगरपालिका कांकेर के अलावा नगर पंचायत चारामा, पखांजूर, अंतागढ़ और भानुप्रतापपुर में सभी मतदान कर्मी निर्धारित पोलिंग बूथ से वापिस लौटकर सुरक्षित ढंग से ईव्हीएम मशीन और मतदान सामग्रियों को संबंधित संग्रहण काउंटर में 11 फरवरी की रात्रि में ही जमा करवा दिया था और स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम को सील किया गया।

### लोक अदालत तैयारी की न्यायाधीश ने की समीक्षा

**कांकेर।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को तय हो जाने के उपरांत प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने 12 फरवरी को नेशनल लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी की समीक्षा किया। आयोजित समीक्षा बैठक में अधिवक्ता संघ से चर्चा करते हुए कहा कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किया जाए। उक्त बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव भास्कर मिश्र, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र देव सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# धान लदे ट्रक की ठोकर से बाइक सवार पुत्री की मौत, पिता गंभीर



मृतिका तुलसी बढ़ई



घायल पिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर में 12 फरवरी को पिता मोटर सायकल से बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तभी धान से भरी ट्रक के चालक ने लापरवाही बरतते हुए मोटर सायकल को ठोकर मारा, जिसमें मोटर सायकल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं मोटर सायकल में पीछे बैठी बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को अपने कब्जे में ले लिया वहीं घायल को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पखांजुर में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को मृतिका शिक्षिका 29 वर्षीय तुलसी बढ़ई अपने पिता नेपाल बढई के साथ मोटर सायकल में सवार होकर पखांजूर से माटोली की ओर जा रहे थे। मोटर सायकल को नेपाल बढई चला रहा था, पिछली सीट पर मृतिका बैठी हुई थी। पखांजूर से भानप्रतापपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 6713 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सुबह लगभग 10 बजे के आसपास नेपाल बढई के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मोटर सायकल चालक नेपाल बढई दूर छिटक कर गिर गया तथा पिछली सीट पर सवार मृतिका तुलसी बढई की मौके पर ही मृत्यु हो गया। घटना से मृतक के घर में मातम छा गया। आरोपी ट्रक के चालक का कृत्य अपराध धारा 281, 125 (अ), 106 (1) बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ▶▶| शेष पेज 10 पर

# घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अफरा-तफरी, 48 भरे व 202 खाली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- एनएच-30 पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर घरेलू एवं कार्मिशयल सिलेंडर का एक वाहन से दूसरे वाहन पर ट्रांसफर करने की जानकारी मिलने पर खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा। उस समय वाहन में उपस्थित लोगों ने सिलेंडर के बारे में कोई भी दस्तावेज नहीं जमा कर पाएं। खाद्य विभाग की टीम ने बिना वैध दस्तावेज के परिवहन किए जा रहे बड़ी संख्या में गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में जिला खाद्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बड़ी कार्रवाई किया गया। जिला खाद्य अधिकारी जेजे नायक ने बताया कि 11 फरवरी को ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 3866 के वाहन चालक हिरेंद्र सिंह एवं छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 19 एच 0766 वाहन चालक चित्रांश श्रीवास्तव को रोककर पूछताछ किया गया। मौके पर विभाग की टीम पहुंचकर जांच किया गया और दस्तावेजों की माँग किया गया। वाहनों में उपस्थित लोगों के द्वारा कोई भी दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराया गया। खाद्य विभाग की टीम ने छोटा हाथी से 19 किलोग्राम के 43 भरे हुए सिलेंडर और 13 किलोग्राम के 5 भरे हुए सिलेंडर जब्त किया। इसी प्रकार ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 3866 से 19 किलोग्राम के 193 खाली सिलेंडर और 13 किलोग्राम के 9 खाली सिलेंडर भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सभी सिलेंडर गो गैस कंपनी के हैं। सिलेंडरों को नियमानुसार थाना कांकेर में अभिरक्षा में रखा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य विभाग की टीम ने 10 फरवरी को ठेलकाबोड़ बाईपास पर चोपड़ा बिल्डमार्ट के सामने खुले परिसर में स्थित वाहन क्रमांक सीजी 07 सीटी 7051 पिकप वाहन से परिदान करने वाला कर्मचारी सूर्यांश यादव एवं भुवन यादव द्वारा विस्फोटक प्राधिकारी व परिवहन प्राधिकारी एवं तेल कंपनी द्वारा प्रमाणित दस्तावेजों के बिना परिदान करते पाएं जाने पर पिकप क्रमांक सीजी 07 सीटी 7051 में भरे 1500 लीटर डीजल को जप्त कर राजकुमार चोपड़ा जमीन मालिक के सुपुर्दगी में दिया गया।

## कांकेर सांसद का वीडियो जारी होने के बाद पुलिस परिवार में रोष, माफी माँगने रखी बात

# सांसद की अभद्रता पर पुलिस परिवार उग्र, क्षमा मांगे अन्यथा आंदोलन दिल्ली तक करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ ने सांसद के खिलाफ खोला मोर्चा
- संघ ने सांसद एवं उनके सर्मथकों पर एफआईआर दर्ज करने की माँग की



दो दिन पहले कांकेर सांसद द्वारा भानुप्रतापपुर में लगे नो एंट्री के समय जाम में फंसने की वजह से नाराजगी जाहिर करते हुए भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मचारियों को फटकार लगाया गया था, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। सांसद के व्यवहार को लेकर संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ ने सांसद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और मीडिया से रूबरू होते हुए सांसद से कहा कि सार्वजनिक माफी माँगे, अन्यथा पुलिस परिवार आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष उज्जवल दीवान पुलिस परिवार के साथ बुधवार 12 फरवरी को भानुप्रतापपुर पहुँचे ओर सबसे पहले ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उल्लेखित है कि 9 फरवरी रविवार को भानुप्रतापपुर में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था और चुनाव प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण नो एंट्री लगाया गया था, जिस रास्ते से सांसद भोजराज नाग और उनके समर्थक वहाँ से गुजर रहें थे। नो एंट्री की वजह से जाम में फंसने के पश्चात पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी से अभद्र व्यवहार किया गया, साथ ही उनके समर्थक द्वारा पुलिस के कर्मचारियों के लिए भी अपत्तिजनक बात कही गई। संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के सदस्यों में रोष व्याप्त है। कल्याण संघ ने सांसद एवं उनके सर्मथकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की माँग किया है। एफआईआर दर्ज नहीं होने पर कांकेर से दिल्ली तक आंदोलन करने की ▶▶| शेष पेज 10 पर

### संघ के सदस्यों ने माफी माँगने दी सलाह

संघ के सदस्य निर्मला कोमरे ने कहा कि यहां हमारे पुलिस परिवार उपस्थित है। सांसद हमारे पुलिस परिवार से क्षमा मांगे और आगे भी इस प्रकार की अभद्र व्यवहार पुलिस कर्मचारियों से न करें। सदस्य पार्वती तेता ने भी सांसद से पुलिस कर्मचारियों से माफी मांगने की बात कही है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष के साथ पुलिस परिवार की महिलाएं भी उपस्थित रही।

### सांसद ने किया अभद्र व्यवहार

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने व्हीआईपी कल्चर समाप्त करने की बात करते है और यहां सांसद खुद को व्हीआईपी बताते हुए धौस दिखाते हुए पुलिस कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार कर रहे है। सांसद माफी नहीं मांगते है, तो भविष्य में आप कोई भी चुनाव लड़ते है, तो मैं आपको जीतने नही दूंगा , साथ ही उनके समर्थक द्वारा भी पुलिस कर्मचारियों के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे गए है। हमारे द्वारा दिए गए आवेदन पर जल्द से जल्द एफआईआर करते हुए कार्यवाही हो और सांसद पुलिस कर्मचारियों से माफी मांगे, अन्यथा हमारे संघ द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### 4.50 लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से हाथ भट्टी से बना महुआ शराब को बेचने वाले ग्रामीण को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मारवाड़ी में देशी महुआ शराब बेच रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने मारवाड़ी 11 फरवरी को शाम 7 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी मारवाड़ी निवासी 55 वर्षीय रामसिंह निषाद पिता स्व. अगनुराम निषाद को पकड़ा। पुलिस को देख शराब खरीदने वाले 2-3 व्यक्ति भाग गए। आरोपी रामसिंह के कब्जे से 5 लीटर वाले एक सफेद रंग कि जरकीन में लगभग साढ़े 4 लीटर हाथ भट्टी से बन हुआ देशी महुआ शराब किमती 450 रूपएं को जप्त कर धारा 34(1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969



**जन्मदिन उत्सव**

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्यायजी का जीवन राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयालजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। पंडितजी की विचारधारा हमें छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### तीन जिलों की छह शराब दुकानें 15 दिन रहेंगी बंद

रायपुर। राजिम कुंभ कल्प मेले के मद्देनजर छत्तीसगढ़ शासन ने 12 से 26 फरवरी तक शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। महामाघी पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस धार्मिक मेले के दौरान श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गरियाबंद जिले के राजिम, रायपुर जिले के गोबरा नवापारा और धमतरी जिले के मगरलोड सहित कुल 6 शराब दुकानें इस अवधि में पूरी तरह बंद रहेंगी। आबकारी विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। संबंधित जिलों के प्रशासन को इसका सख्ती से पालन कराने को कहा गया है। राजिम कुंभ कल्प मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु देशभर से आते हैं। धार्मिक आयोजनों की पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से शराब बिक्री पर रोक लगाई गई है। प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं कि इस दौरान शराब की अवैध बिक्री न हो। इस निर्णय को लेकर स्थानीय लोग और श्रद्धालु दोनों ही संतुष्ट नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजन के दौरान शराब बिक्री पर रोक लगाना एक सकारात्मक पहल है, जिससे मेले की गरिमा बनी रहेगी और श्रद्धालु बिना किसी व्यवधान के धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हो सकेंगे।

### विद्यार्थियों ने सीखा अनुसूची तैयार करना

रायपुर। शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी में बीए अंतिम भूगोल के विद्यार्थियों को डॉ. राजवंश कोहली सहायक अध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन में सोमनाथ का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया गया। इस अध्ययन में शिवनाथ एवं खारुन नदी का संगम, शिवलिंग का वैज्ञानिक अध्ययन, वनस्पतियां, जीव-जंतु, मिट्टी, जल, उच्चावच्च, यातायात, मानव बस्तियां, कृषि व्यवस्था, भूमि उपयोग, जलवायु एवं मानव जीवन का अध्ययन किया गया। साथ ही भौगोलिक अध्ययन में विद्यार्थियों में अनुसूची तैयार करना, सर्वेक्षण करना, मानचित्र बनाना, टेबुलेशन करना, तालिकाएं तैयार करना, विश्लेषण करना तथा प्रतिवेदन तैयार करना सीखा। अनुसूची तैयार करके ग्राम लखना के 50 घरों में विद्यार्थियों द्वारा जाकर प्राथमिक आंकड़ों पर संकलन किया गया। क्षेत्र की ऐतिहासिक जानकारी एकत्रित की गई एवं मानचित्र तैयार किए गए। भौगोलिक सर्वेक्षण से संबंधित प्रतियोगिताएं कराकर अध्ययन क्षेत्र में ही पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण अवतार कौर कलसी द्वारा किया गया।

### गाली-गलौज से मना करने पर मारपीट

रायपुर। सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णानगर निवासी रवि कुमार श्रीवास ने मनोज, छोटी, रीता तथा मंगला जगत के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया कि मनोज गाली-गलौज कर रहा था, जिसे उसने गाली-गलौज करने से मना किया।

# दपूमरे ने लगातार तीसरे साल मालभाड़े से अर्जित किया 25 हजार करोड़

**मालभाड़ा से आय 2024-25 में 6.76% वृद्धि, भारतीय रेलवे के अन्य क्षेत्रों से सबसे ज्यादा बढ़त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में महज 316 दिनों, 10 फरवरी 2025 तक में ही 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का मालभाड़ा आय अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पहले स्थान पर अपनी स्थिति को बनाए रखा है। पिछले लगातार तीन वित्तीय वर्षों से यह रेलवे 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का मालभाड़ा आय अर्जित करने वाला रेलवे बन चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले इस उपलब्धि को 19 दिन पहले प्राप्त किया गया, जबकि 2022-23 के मुकाबले यह सफलता 31 दिन पहले हासिल हुई। इस साल की आय पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि से 6.76% अधिक है, जो कि अन्य रेलवे क्षेत्रों से रु.1587 करोड़ की वृद्धि के साथ सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

#### भारतीय रेलवे में बढ़ रहा योगदान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भारतीय रेलवे के कुल मालभाड़ा आय में योगदान 17.20 प्रतिशत है, जो इसे एक महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करता है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के कुशल नेतृत्व में इस रेलवे को औद्योगिक विकास में सहयोग देने के लिए सराहा जा रहा है। माल लदान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के चलते, इस वर्ष भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जल्द ही नए कीर्तिमान स्थापित किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।



#### औद्योगिक क्षेत्र को भी फायदा

इस सफलता से न केवल रेलवे, बल्कि देश के औद्योगिक क्षेत्र को भी फायदा हो रहा है, क्योंकि यह रेलवे भारत के पावरहाउस और उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण वस्तुएं जैसे कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक, और मैंगनीज जैसी सामग्रियां पहुंचाता है। यह कीर्तिमान रेलवे क्षेत्र की लगातार बढ़ती प्रगति को दर्शाता है, जो औद्योगिक विकास और जनसमूह की आवश्यकताओं को पूरा करने में निरंतर योगदान दे रहा है।

## आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं

# मतदाता भटकते रहे, मतदान केंद्र तथा वार्ड तक बदल गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के नगरीय निकाय चुनाव में रायपुर राजधानी में मतदाता यहां से वहां भटकते रहे। अनेक मतदान केंद्रों में मतदाता नाराज होकर मतदान न कर लौट गए। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पर्ची नहीं बांटने की वजह से यह स्थिति बनी। वहीं नगर निगम के लिए इसके कारण कम मतदान हुआ।

■ रायपुर शहर में पिछले साल से भी कम मतदान

पिछले साल जहां 52 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था, वह इस बार 50 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाया। रायपुर दक्षिण में जो मतदाता विगत 30-40 वर्षों से खोखो पारा स्कूल, सरस्वती स्कूल में मतदान करता रहा है, उसका नाम अमीन पारा स्कूल में चला गया। महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड के लगभग ढाई 300 मतदाता ब्राह्मण पारा वार्ड में चले गए। तत्या पारा वार्ड के लगभग 500 मतदाता वार्ड क्रमांक 27 इंदिरा गांधी वार्ड में स्थानांतरित हो गए। कुशालपुर वार्ड के लगभग 500 मतदाता डबरी पारा में शिफ्ट हो गए। शांति नगर के मतदाता राजा तालाब में तथा राजा तालाब के मतदाता शांति नगर में भेजे गए। अनेक मतदाताओं के मतदान केंद्र भी परिवर्तित हो गए। इन सब विषम परिस्थितियों में मतदाताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मतदान न कर लौटे। इसका परिणाम है कि स्थानीय स्तर के चुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा है।

#### परिसीमन की जानकारी और मतदाता सूची वितरित नहीं

निर्वाचन आयोग परिसीमन का सही तरीके से प्रचार-प्रसार न कर मतदाताओं को उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दिया गया। आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं की गई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा दक्षिण के उपचुनाव में जिस तत्परता से प्रशासन ने काम किया था, वैसा मतदाताओं को जानकारी नहीं मिला। वार्डों में व महापौर के प्रत्याशी कम समय होने के कारण मतदाता पर्ची नहीं बांट पाए। चुनाव की घोषणा के तीन दिन बाद नामांकन पत्र दाखिल होने तथा प्रत्याशियों की घोषणा विलंब से होने के कारण भी मतदाताओं को सही जानकारी नहीं मिल पाई।

## अस्पतालों की समस्याओं पर आईएमए ने जताई चिंता, दूर करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा निजी अस्पतालों के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को लेकर अस्पताल कम पैकेज, भुगतान जैसी कई समस्याओं जूझ रहे हैं। शासन और स्वास्थ्य विभाग को इससे अवगत कराया गया है मगर किसी तरह की राहत नहीं मिल रही है। आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा कि आयुष्मान योजना में एपीएल और बीपीएल के मरीजों के इलाज के लिए एक ही पैकेज का निर्धारण किया है जो असंगत है। अपर्याप्त पैकेज और बढ़ती महंगाई के कारण अस्पताल गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थिति इस तथ्य से और भी खराब हो जाती है कि निजी अस्पतालों से सरकारी अस्पतालों से अच्छी देखभाल प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है, जबकि शासकीय अस्पतालों के बुनियादी ढाँचे और कर्मचारियों की लागत सरकार द्वारा वहन की जाती है। उनके द्वारा सभी अस्पतालों के निलंबन को तत्काल समाप्त करने की मांग भी की है। आईएमए की शिकायत है कि आयुष्मान पैकेज में अपर्याप्त पैकेज, देरी से भुगतान पारदर्शिता का अभाव है। आईएमए ने चेतावनी दी है कि उनकी समस्याओं को हल नहीं किया गया तो इस योजना से निजी अस्पताल दूरी बनाएंगे जिसका खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ेगा।

#### सिम्स में पीजी छात्रा को प्रताड़ना, सीएम तक शिकायत

*रायपुर। सिम्स बिलासपुर में महिला डॉक्टर के साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। मेडिसिन विभाग की पीजी छात्रा द्वारा विभागाध्यक्ष पंकज डॉ पंकज टेम्बर्निकर पर शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिकायत की गई है कि आपातकालीन ड्यूटी के दौरान उनका फोन फेंकना और तोड़ना, ड्यूटी के दौरान मौखिक दुर्व्यवहार, अनुचित स्पर्श और एक शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाना शामिल है। इन कार्रवाइयों ने न केवल उनके कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की क्षमता को बाधित किया है, बल्कि उनके संपूर्ण स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुँचाया है।*

## रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने पकड़ा आदतन पॉकेटमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने आदतन पॉकेटमार को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार के मार्गदर्शन और पोस्ट प्रभारी रायपुर के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम, आरपीएफ पोस्ट रायपुर और गंज थाना रायपुर के संयुक्त अभियान के तहत की गई। गश्त के दौरान, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों के बीच हो हल्ला मचाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उमेश साहू उर्फ गोलू (40 वर्ष), निवासी शीतला मंदिर के पास, रामनगर, थाना गुढ़ियारी बताया। आरोपी ने आगे बताया कि वह यात्रियों के मोबाइल और पर्स चोरी करने के इरादे से स्टेशन पर आया था और उपद्रव मचा रहा था, जिससे उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी के पास से कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ, लेकिन उसके खिलाफ गंज थाना रायपुर में इस्तगासा क्रमांक 40/42/25 धारा 170, 126, 135(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को एसडीएम न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया गया।

## दिन में जारी रहेगा गर्मी बढ़ने का दौर रात में रहेगी हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उत्तरी हवा का असर खत्म होने की वजह से अब दिन में गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा, मगर रात में ठंड का प्रभाव मौजूद रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार हो गया रायपुर उसके करीब पहुंच गया। दिन में गर्मी बढ़ने का प्रभाव अगले तीन दिन तक रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक फरवरी में तापमान के उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना बनी रहेगी।राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होता रहेगा और उत्तरी हवा अभी शुष्कता लिए हुए हैं। राज्य के मैदानी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगा है मगर अंबिकापुर, बलरामपुर जैसे इलाके में ठंड मौजूद है वहां रात और सुबह के वक्त काफी ठंड महसूस हो रही है, हालांकि में दिन में थोड़ी असहजता महसूस हो रही है। रायपुर में सुबह के वक्त बेहद मामूली ठंड है और दिन चढ़ने के साथ धूप की तेजी लोगों को परेशान कर रही है। दोपहर बाद गर्मी का अहसास हो रहा है जिससे शाम होते ही राहत मिल रही है। बस्तर का हाल भी मैदानी इलाके जैसा ही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बुधवार 12 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

#### पिछले साल पड़े थे छींटे

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के रूप में बरसने और कभी-कभी ओलावृष्टि की संभावना भी बनी रहती है। पिछले साल रायपुर में 12 फरवरी को 6.9 मिमी. बारिश दर्ज हुई थी। बीते दस सालों में केवल तीन बार फरवरी बिना बूंदाबांदी के गुजरा है। यहां सर्वाधिक 57 मिमी. बारिश 4 फरवरी 1917 को दर्ज

## खाद्य निगम के गोदाम में चावल लेने जगह नहीं, राइस मिलर परेशान

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

प्रदेश राइस मिलर भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल के लिए जगह नहीं होने से परेशान हैं। यही नहीं, खाद्य निगम ने चावल के लिए लगने वाले नंबर विंग ऐप को ही वर्ष 24-25 के लिए ब्लॉक कर दिया है। अभी वर्ष 23 - 24 का ही चावल लिया जा रहा है, जिसके लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है।

कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने राइस मिलरों की समस्या से अवगत कराने केन्द्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी और खाद्य सचिव तथा अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भारतीय खाद्य निगम को पत्र लिखा है। दरअसल, इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 150 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसमें 43 लाख टन धान से चावल का निराकरण नागरिक आपूर्ति निगम में हो रहा है, जबकि 79.25 लाख टन धान से चावल का निराकरण भारतीय खाद्य निगम में होना है। इसके लिए भारतीय खाद्य निगम में जगह नहीं है। विभागीय अधिकारियों का कहना है गोदाम में एक वर्ष के पूर्व का चावल भी रखा हुआ है। चावल का मूवमेंट आवश्यक रूप से नहीं हो रहा है, जिससे जगह नहीं बन रही है। विदित हो, राज्य सरकार की ओर से 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 धान की खरीदी की गई है। उसमें अभी तक चावल अरवा रायपुर जिले में लेना शुरू नहीं किया गया है। चावल नहीं लेने पर राइस मिलों को धान में सूखत का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं काम नहीं चलने से मजदूरों की समस्या बनी हुई है, जबकि काम नहीं चलने से बिजली का न्यूनतम बिल भी मिलरों को भुगतान करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के पास नहीं है । चावल का मूवमेंट प्लान नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त अच्छी क्वालिटी का चावल की डिमांड की जाती है, ताकि गोदाम में चावल कम खराब हो।

## रायपुर निगम में भाजपा का ऐतिहासिक जीत का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के सांसद और रायपुर नगर निगम चुनाव के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक व रायपुर नगर निगम चुनाव सह-संयोजक राजेश मूणत ने कहा, नगरीय निकाय के लिए हुए मतदान ने यह साफ संदेश दे दिया है कि रायपुर नगर निगम में पिछले 15 वर्षों का कांग्रेस का कुशासन खत्म हो चुका है और भाजपा शानदार व ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा, मतदान के प्रति यह उत्साह और उमंग अटल विश्वास पत्र में व्यक्त भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी पर मुहर है। यह प्रदेश की मातृ–शक्ति का भाजपा के प्रति विश्वासपूर्ण अनुग्रह का परिचायक है। रायपुर में शहर-सरकार बनते ही भाजपा अपने संकल्प पत्र पर पूरी ईमानदारी के साथ अमल करेगी। श्री अग्रवाल व श्री मूणत ने कहा, मतदान के प्रति यह जागरुकता राजधानी को सँवारने के हमारे संकल्पों की बुनियाद सिद्ध होने जा रही है।

परिवर्तन की लहर पूरे प्रदेश के साख ही राजधानी में भी महसूस की जा रही थी, जिसमें कांग्रेस और कांग्रेस के भ्रष्ट, कमीशनखोर महापौरों व अध्यक्षों समेत निकायों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक तम्बू उखड़ने जा रहा है।

## प्रदेश के उद्योगपति मप्र के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में होंगे शामिल

रायपुर। मध्य प्रदेश के एपीआईडीसी ने छत्तीसगढ़ के उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025, भोपाल में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया है। मध्यप्रदेश सरकार के एनके शुक्ला ने मध्यप्रदेश में विभिन्न उद्योगों को लगाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति को बृहद रूप में प्रस्तुत किया और उद्योगपतियों ने इन्वेस्टर इंटेंशन पत्र भरे। इस सेमिनार में उन्होंने बताया, एपीआईडीसी 1 रुपए प्रति एकड़ की दर से सोलर बेस्ड इंडस्ट्रीज को भूमि प्रदान कर रहा है। सोलर जनरेशन के लिए बेहद सस्ती दरों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर असिंचित भूमि उपलब्ध कराएंगे। सोलर जनरेशन के लिए काफी उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ मे बिजली की बढ़ती दरों से उद्योग के उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धा से बाहर होते जा रहे हैं। अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा, सोलर जनरेशन के द्वारा इस विकट समस्या का निराकरण संभव है, जैसा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव पर सोलर की कई देश व्यापी योजनाएं प्राथमिकता से चलाई जा रही है। किन्तु छत्तीसगढ़ में सोलर जनरेशन हेतु भूमि की कमी होने से यहां के उद्योग सोलर जनरेशन आवश्यकतानुसार नहीं कर पा रहे हैं।

## नई तहसील बिल्डिंग चार मंजिला बनेगी

# नई बिल्डिंग का निर्माण शुरू होने से पहले हटाई जाएंगी नोटरी की अवैध दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर तहसील कार्यालय के बाहर परिसर में लग रही नोटरी की अवैध दुकानें जल्द हटाई जाएंगी। तहसील कार्यालय के पुराने भवन को तोड़कर उसकी जगह चार मंजिल नई बिल्डिंग का निर्माण होना है।

पुराना भवन को तोड़ने से पहले तहसील कार्यालय के बाहर परिसर में अवैध रूप से संचालित नोटरी की दुकानों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। तहसील परिसर में करीब 15 से 20 दुकानें ऐसी हैं जो अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं, जबकि उनके बैठने के लिए कोर्ट परिसर और टाउन हॉल के बगल में व्यवस्था की गई है। इसके बाद भी कई नोटरी की दुकानें तहसील परिसर की पार्किंग स्थल पर संचालित की जा रही हैं।

रायपुर तहसील कार्यालय की बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर तहसील कार्यालय भी पुराना नर्सिंग हास्टल बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया है। राजस्व संबंधी सारा काम इसी बिल्डिंग में किया जा रहा है। कार्यालय के शिफ्ट होने के बाद अब तहसील कार्यालय के ऐतिहासिक भवन को भी तोड़ा जाएगा। इसे तोड़ने का काम चालू माह में शुरू किए जाने की संभावना है। भवन को तोड़ने से पहले तहसील कार्यालय के बाहरी परिसर में संचालित हो रही नोटरी की अवैध दुकानों को भी हटाया जाएगा।

डिजाइन के अनुसार नई तहसील बिल्डिंग चार मंजिला बनेगी। इसके ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग होगी, वहीं हर फ्लोर 12 हजार स्क्वायर फीट में तैयार होगा। बिल्डिंग में लिफ्ट, इंटरनेट, सीसीटीवी जैसी प्रमुख सुविधाएं भी होंगी। विभागीय सूत्र की मानें, तो रायपुर तहसील को आधुनिक तरीके से अपडेट किए जाने का प्लान है। इस प्लान को स्वीकृति मिली, तो पांच संभाग की तहसीलों को भी इस तर्ज पर अपडेट किया जाएगा।

#### पार्किंग की जगह लग गई अवैध दुकानें

तहसील कार्यालय का बाहरी परिसर पार्किंग के लिए था, लेकिन पार्किंग के आधे हिस्से में नोटरी वालों ने दुकानें लगा ली हैं। इसके कारण परिसर में गाड़ी पार्क करने के लिए अभी तक आम लोगों को परेशान होना पड़ता था। तहसील की नई बिल्डिंग बनने के बाद पार्किंग की समस्या भी खत्म हो जाएगी, क्योंकि नई बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग बनाई जाएगी। तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग हाईटेक बनेगी।

## पेज 09 के शेष ...

### पंचायत चुनाव : प्रथम...

पदाधिकारी वोट माँगने के लिए गाँव गाँव भ्रमण कर सकते है। भाजपा का जमीनी स्तर पर संगठन होने के कारण भाजपा को ज्यादा लाभ होने की संभावना है, वहीं कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को स्वंय दौड़ लगाना पड़ेगा।

### धान लदे ट्रक...

गया। पखांजुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार करके शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

### सांसद की अभद्रता...

बात कही है। ज्ञापन सौंपने के उपरांत संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के अध्यक्ष उज्ज्वल दीवान के नेतृत्व में पुलिस परिवार के सदस्यों ने मामले को लेकर बुधवार को प्रेसवार्ता आयोजित किया, उन्होने कहा कि निरीक्षक रामेश्वर देशमुख जो 100 से ज्यादा नक्सली एनकाउंटर में लगभग 60 नक्सलियों को ढेर कर चुके हैं और उनके साथ थाना भानुप्रतापपुर के पुलिस स्टाफ जो लगभग हर नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहते हैं । सांसद भोजराज नाग ने उनकी वीरता व साहस को नीचा दिखाने का प्रयास किया है। भारत के राष्ट्रपति व सरकार ने जिस थानेदार को वीरता पदक व और अन्य कितने सारे पदकों से उन्हें सम्मानित किया गया है, ऐसा थानेदार अपनी ड्यूटी के दौरान शालीनता से बात कर रहे है, सांसद को कुछ भी नहीं बोल रहे है। सांसद पुलिस कर्मचारी और थाना प्रभारी के साथ अभद्र व्यवहार किया और उनको वसूलीबाज कहा है, इसका प्रमाण सांसद प्रस्तुत करें, अन्यथा जनता के बीच में आकर माफी मांगे ।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों से दूर रहे उपभोक्ता



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने शहर के जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन के उपभोक्ताओं को समझाईश दी कि साइबर ठगों से दूर रहे हैं। क्योंकि साइबर ठग काफी जल्दी में होते हैं और चीजों की अरजेंसी बताते हैं, वे तुरंत बिल भुगतान न करने पर बिजली काटने की धमकी देते हैं। मैसेज या क्यूआर कोड देते है, जिस पर ध्यान न दें। साथ ही यह भी बताया कि उपभोक्ता संदेहास्पद फोन नंबरों पर कभी कॉल न करें। फोन, ईमेल या मैसेज के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति के निर्देश पर बिल भुगतान के लिए कोई सॉफ्टवेयर या ऐप डाउनलोड न करें। बिल भुगतान के लिए फोन, इमेल, मैसेज पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए जा रहे स्टेप-बाय-स्टेप निर्देश का पालन न करें। बिल भुगतान के वक्त अपना टीम व्यूअर, ओटीपी या कोई भी व्यक्तिगत या वित्तीय सूचना किसी भी व्यक्ति से साझा न करें, भले ही वह खुद को बिजली अधिकारी बता रहा हो। अज्ञात ऐप या संदेहास्पद फोन नंबर या लिंक के माध्यम से बिल का भुगतान न करें।

### प्रवेश परीक्षा 2 मार्च को

**सुकमा।** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा सुकमा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश की परीक्षा तिथि में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 16 फरवरी को निर्धारित की गई थी जिसको परिवर्तित करके परीक्षा 2 मार्च प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

### उपकेन्द्र नहीं होने से 12 गांव के ग्रामीण तेलंगाना की ले रहे बिजली

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के ठेकेदार डेढ़ वर्ष पूर्व बस्तर संभाग के सुकमा जिले के बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने बोर खुदवाया पर साफ-सफाई के दौरान की नक्सलियों के मारपीट से शुरू नहीं हो पाया। उपकेन्द्र नहीं होने से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव के ग्रामीण सीमावर्ती राज्य तेलंगाना की बिजली का उपयोग कर रहे हैं।

## नगर में उत्साह के साथ, शान्तिपूर्वक संपन्न हुआ चुनाव

# अध्यक्ष एवं पार्षदों की किस्मत ईवीएम में कैद






**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**

नगर पंचायत गीदम में अध्यक्ष एवं पार्षदो की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। सुबह 8 बजे से 5 बजे तक नगर के 15 बूथ केन्द्रो में लगभग 77.22 प्रतिशत मतदान हुआ।

नगर के इस चुनाव में अध्यक्ष के लिए कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। वहीं तीन निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं दो वार्डों को छोड़कर पार्षद के सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों की सीधी टक्कर देखी जा रही हैं। हालांकि काफी लम्बा समय होने के चलते मतदान केन्द्रो में कही पर भी एकदम से भीड़ नहीं दिखी, मतदाताओं ने बड़ी आसानी से मतदान किया। सुबह 8 बजे से 5 बजे तक 77.22 प्रतिशत मतदान हुआ। वही नगर में कुल 6528 मतदाताओं में से 5041 मत पड़े। जिसमे वार्ड क्रमांक 1 में 491 में 297, वार्ड 2 में 530 में 337, वार्ड 3 में 412 में 327, वार्ड 4 में 510 में 397, वार्ड 5 में 444 में 327, वार्ड 6 मे 447 में 342, वार्ड 7 में 250 में 206, वार्ड 8 में 383 में 318, वार्ड 9 में 502 में 406, वार्ड 10 में 352 में 282, वार्ड 11 में 289 में 226, वार्ड 12 मे 384 में 298, वार्ड 13 मे 414 में 335, वार्ड 14 में 636 में 482, और वार्ड क्रमांक 15 में कुल 525 में 461 मतदाताओ ने मतदान किया। वहीं पूरे मतदान के दौरान मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं नये मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया, वहीं कई जगह 80 से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी मतदान करने पहुंचे।

वही मतदान के बाद अंतिम आंकड़े जारी करने के बाद मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। सील करने के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर के साथ मतदान दल, प्रत्याशी एवं सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं मतदान खत्म होने के बाद अब प्रत्याशियों को परिणामो को लेकर चिंता भी सताने लगी है। वहीं 15 फरवरी को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी।

जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार निर्धारित समय प्रातः 8 बजे से सायंकाल 5 बजे तक नगर पालिका आम निर्वाचन के अंतर्गत नगर पंचायत गीदम के समस्त 15 वार्डो में पार्षदों एवं नगर के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन सम्पन्न हुआ।

जिसमें नगरवासियों ने बढ़ चढ़ कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। नगर में 77.2 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। नगरपालिका आम निर्वाचन को सफल बनाने में मुख्य रूप से रिटर्निंग ऑफिसर विवेक चंद्रा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हुलसी प्रधान, समस्त मतदान दल एवं समस्त नगर पंचायत के कर्मचारियों की भागीदारी सराहनीय रही।

## मतदान पश्चात ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखकर राजनीतिक दलों की उपस्थिति में किया गया सील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**





नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत बीजापुर नगरपालिका में 11 फरवरी को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। जिसके पश्चात मतदान दलों की सामग्री जमा केंद्र में सफलतापूर्वक वापसी हुई। मतदान सामग्रियों यथा ईवीएम मशीन एवं बैलेट यूनिट को सुरक्षित रखने स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां कल मतदान पश्चात सामग्रियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीसीटीवी की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। एवं स्ट्रांग रूम को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुहरबंद कर कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

### आम निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने शुष्क दिवस घोषित

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र में 15 फरवरी को संध्या 3 बजे से 17 फरवरी मतगणना समाप्ति तक जनपद पंचायत उसूर के क्षेत्र में 18 फरवरी संध्या 3 से 20 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक तथा जनपद पंचायत भैरमगढ़ क्षेत्र में 21 फरवरी संध्या 3 बजे से 23 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के संबंधित क्षेत्रों में निर्धारित तिथि को समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## बैंक समय पर नहीं खुलने से किसान परेशान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| परचनपाल**

ब्लाक मुख्यालय बस्तर के जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों की लापरवाही से किसान परेशान हो रहे हैं। बैंक खुलने का समय 10 बजे का है परंतु 11 बजे के बाद खोला जा रहा है, जिससे किसानों को पैसा निकालने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बैंक मैनेजर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आज ही लेट हुआ है बाकी दिन समय से खुलता है। किसानों ने कहा कि बैंक रोज लेट से खुलता है, जिसके कारण हम लोगों को बाहर धूप में गेट के सामने खड़े रहना पड़ता है।

# 15 फरवरी को होगी मतगणना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**



सुकमा नगर पालिका परिषद् और दोरनापाल नगर पंचायत में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 11 फरवरी को संपन्न हुआ। नगर पालिका परिषद सुकमा में शांतिपूर्ण चुनाव के बाद सभी मतदान दलों ने देर रात 10 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज सुकमा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत दोरनापाल में सांस्कृतिक भवन में बनाए गए स्ट्रॉंग रूम में मतदान दलों ने ईवीएम जमा किया गया।

नगर पालिका क्षेत्र के 30 वार्डों के लिए बनाए गए 31 मतदान केंद्रों की ईवीएम को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखा गया। इसके साथ ही जिले की सभी ईव्हीएम को सील किया गया और सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम मे रखा गया। मतदान के बाद सभी मतदान दलों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान सामग्री को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में पहुंचाया। जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई। मतदान के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर एवं नगर पालिका परिषद की रिटर्निंग अधिकारी सुश्री मधु तेता की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों के सामने स्ट्रांग रूम को सील किया गया। साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उसे ईंटों की दीवार से घेर दिया गया। बता दें मतगणना 15 फरवरी को होगी और उसी दिन जनप्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम मशीन खोले जाएंगे। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होता है कि चुनाव परिणामों की घोषणा तक ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे, जिससे लोकतंत्र की मजबूती और नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित होता है। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में मतदान का कुल प्रतिशत 67.21 प्रतिशत रहा, जो कि मतदाताओं के भारी उत्साह को दर्शाता है। निकायवार मतदान प्रतिशत अंतर्गत नगर पालिका परिषद सुकमा मे 64.11 प्रतिशत और नगर पंचायत दोरनापाल मे 77.71 प्रतिशत मतदान हुआ।

# एकएमपीवी वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## डॉक्टरों के मुताबिक एचएमपीवी वायरस पहले से मौजूद, डरने की जरूरत नहीं




### गाइडलाइन में जारी दिशा-निर्देश

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक एकएमपीवी सांस से जुड़ा वायरस है। संक्रमण भी इसी से फैलता है, इसमें सामान्य सर्दी या फ्लू के जैसे लक्षण होते हैं। संक्रमण न फैले इसे ध्यान में रखते हुए जांच और इलाज के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। गाइडलाइन में साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोने। अस्पताल या अन्य भीड़ भाड़ वाली जगह पर मास्क का उपयोग करने। बिना धूले हाथों से आंख, मुंह को नहीं छूने। बीमार लोगों के करीब नही जाने। खांसते या छींकते समय मुंह पर पर रुमाल रखने और सांस संबंधी किसी भी तरह की बीमारी होने पर घर पर ही रहने की सलाह दी गई है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

कोरोना महामारी की तरह एक बार फिर एकएमपीवी वायरस के कारण चेहरे पर मास्क लगाने का दौर एक बार फिर लौट आई है। कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) की पुष्टि के बाद छत्तीसगढ़ में भी स्वास्थ्य अमला अलर्ट है। केंद्र सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय की ओर से जारी की गई है। इसे छत्तीसगढ़ के सभी मेडिकल कॉलेज, सभी अस्पताल अधीक्षकों, सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पतालों के सिविल सर्जन और अस्पताल अधीक्षकों को भेजा गया है। हालांकि बस्तर में अब तक गाइडलाइन नहीं पहुंचा है। बावजूद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है।

इस संबंध में डॉक्टरों का कहना कि एचएमपीवी वायरस पहले से मौजूद है, पर ज्यादा आक्रामक नहीं है। इसके बावजूद लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधानी बरतनी है। वायरस को लेकर सतर्कता बरतने और तैयारियों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के बाद सभी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल अधीक्षकों, जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पतालों के सिविल सर्जन और अस्पताल अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं, इस वायरस से बचाव को लेकर गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है।

### स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय द्वारा विशेषज्ञों की टीम इस वायरस पर सतत रूप से निगरानी रख, इसके लक्षणों एवं प्रभाव के बारे में भी अध्ययन करने निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद से ही किसी भी प्रकार की आपात स्थिति के लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है। यह वायरस पहले भी रिपोर्ट किया जा चुका है और इससे घबराने की कोई बात नहीं है, लेकिन सावधानी बरतनी जरूरी है।

### बच्चों को सिखा रहे योग...



**जगदलपुर।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू के निर्देश पर शहर के बालगृह में योग डॉ. पूनम कौशिक ने बच्चों को योग सिखा रही है।

## धनपूंजी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सीएमएचओ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर धनपूंजी पहुंचे। धनपूंजी में आने वाले दिनों में

- एनक्वॉस मूल्यांकन की तैयारी का लिया जायजा

एनक्वॉस का मूल्यांकन किया जाना है, इस पर की जा रही तैयारी का जायजा लिया।

मूल्यांकन के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं, रजिस्टर और उपकरणों की जानकारी आम में पदस्थ सीएचओ सोनिया यादव द्वारा दिया गया। उनके सहयोग के रूप में रीया विश्वकर्मा और पार्वती, अनीता सोरी की ड्यूटी लगाई गई है। उसके बाद सीएमएचओ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरंदी के दौरे पर पहुंचे, वहां पर प्रभारी आरएमए सपना अडवानी द्वारा सभी संधारित रजिस्टरों का अवलोकन करवाया गया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दी जारी स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी दी गई।


इस अवसर पर महेंद्र पांडे भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी।

### शतरंज चैम्पियनशिप 15 व 16 फरवरी को



**जगदलपुर।** बस्तर जिला शतरंज ओपन चैम्पियनशिप का आयोजन इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में 15 और 16 फरवरी को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हर आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता 7 राउंड में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम 5 स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा साथ ही अंडर 11 , अंडर 15 और महिला वर्ग के श्रेष्ठ खिलाड़ी को विशेष पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

## लड़की को माध्यम बनाकर राजधानी में नए पैटर्न में लूट



**रायपुर।** लड़की को माध्यम बनाकर बदमाशों ने राजधानी में नए पैटर्न में लूट की वारदात की है। जिनके साथ लूट की घटना हुई है, वह पेशे से वकील हैं। बदमाशों की पहचान हो गई है, लेकिन पुलिस उन लोगों को अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में आमानाका ओवर ब्रिज के नीचे रविवार देर रात साढ़े 11 बजे की है। पुरानी बस्ती निवासी अभिषेक कुमार तंबोली ने शगुन तथा बब्बन नाम के युवक के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अपने एक अन्य साथी के साथ अपनी बाइक से सरोना के रास्ते यूनिवर्सिटी की तरफ आ रहे थे। इस दौरान आमानाका ओवरब्रिज के नीचे सरोना की ओर जाने वाले निर्माणाधीन सड़क के पास एक युवती ने हाथ से इशारा कर बाइक रोकने की कोशिश की। बाइक नहीं रोकने पर आगे खड़े एक युवक ने अभिषेक पर डंडे से वार करते हुए कहा कि लड़की के इशारा करने पर तुमने बाइक क्यों नहीं रोकी।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप



### पूर्णिमा पर मां सोनादाई मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतिम छोर सोनादई लोहत्तर के पहाड़ी में माँ सोना दाई मंदिर में माघी पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 4 बजे से दर्शन करने भक्त पहुंचे लगे थे। माघ पूर्णिमा पर कुछ कार्यों का विशेष महत्व है। इन कार्यों को करने से मनुष्य को न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि सुख-शांति से जीवन व्यतीत करने के बाद मोक्ष प्राप्ति भी होती है। सोनादाई माता के दर्शन कर मनोकामना मांगने से पूर्ण होती है, जिससे आज के दिन मनोकामना मांगने के लिए लोगों का भीड़ लगा रहता है और मनोकामना पूर्ण होने के बाद आज के दिन ही माता को धन्यवाद देने श्रद्धालू आते है।

### तालाब में डूबने से महिला की मौत

कांकेर। हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम डूमरपानी के तालाब में डूबने से हल्बा निवासी 48 वर्षीय रजनी मरकाम का मौत हो गया। हल्बा निवासी 19 वर्षीय भागीरथी मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका तालाब की ओर गई हुई थी। गहरे पानी में चले जाने से डूब गई और मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मतदान व मतगणना शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन-2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मतदान एवं मतगणना के समय जिले में देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों एवं एफ. एल7 सैनिक कैंटीन में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने 17 फरवरी को प्रथम चरण के मतदान एवं मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया है। इसी तरह 20 फरवरी को द्वितीय चरण में होने वाले भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल क्षेत्र की देशी/विदेशी मदिरा दुकान नारायणपुर भानु., दुर्गूकोंदल और सैनिक कैंटीन कंवटी में मतदान एवं मतगणना दिवस 18 फरवरी को अपराह्न 03 बजे से 20 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके अलावा 23 फरवरी को तृतीय चरण के मतदान एवं मतगणना के लिए विदेशी मदिरा दुकान बांदे और सैनिक कैन्टीन अंतागढ़ कुहचे में 21 फरवरी के अपराह्न 03 बजे से 23 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक उन्होंने शुष्क दिवस घोषित किया है। मतदान एवं मतगणना अवधि में संबंधित क्षेत्र में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### मिठाई खाने के लिए बुलाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं कमलजीत पाटले एसडीओपी कटेकल्याण के पर्यवेक्षण में कटेकल्याण पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया।

## नगरीय निकाय चुनाव: नए मतदाता, बड़े बुजुर्ग व महिलाओं ने लोकतंत्र को बनाया मजबूत

# बस्तर संभाग में एक निगम, 8 नगर पालिका व 10 नगर पंचायत में हुआ 68 फीसदी मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग में एक नगर निगम, 8 नगर पालिका परिषद, 10 नगर पंचायतों में नगरीय निकाय चुनाव में नए मतदाता, बड़े बुजुर्ग एवं महिलाओं ने लोकतंत्र को सशक्त मजबूत बनाने उत्साह रहा। यही कारण है कि संभाग के सातों जिलों के नगरीय निकाय चुनाव पर 68 फीसदी मत पड़े, जिसमें तृतीय लिंग के मतदाता शामिल रहे। सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर जिले में 58.71 फीसदी, सुकमा जिले में 67.21 फीसदी, नारायणपुर जिले में 70.71 फीसदी, दंतेवाड़ा जिले के नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत में 70.23 फीसदी मतदान हुए। मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता दी, सुबह से ही मतदान केन्द्रों में रौनक देखने को मिली।

■ सुबह से शाम तक मतदान केन्द्रों में रही रौनक






### सेल्फी जोन रहा आकर्षण का केन्द्र

जिला मुख्यालय में आदर्श मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण पर आधारित आदर्श मतदान केन्द्र आर्कषण का केन्द्र रहा, जिसमें मतदाताओं ने सेल्फी ली और प्रकृति के बीच में रहने का सुखद अनुभव भी किया। बीजापुर जिला मुख्यालय के आदर्श मतदान केन्द्र बालक हायर सकेण्डरी स्कूल में इन्द्रावती टाईगर रिजर्व एवं सामान्य वनमंडल द्वारा विलुप्त हो रहे वन्य जीव गिद्ध के संरक्षण पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं मतदान केन्द्रों में बच्चों के लिए गेम एवं खिलौने की व्यवस्था से मतदाता उत्साहित नजर आए।



## नियमों का उल्लंघन करते 145 चालकों का लायसेंस निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले में परिवहन विभाग के उड़नदस्ता टीम, पुलिस, ट्रैफिक की ओर से वाहन दुर्घटनाओं और नियमों के खिलाफ वाहन चला रहे 1 4 5 चालकों के लायसेंस को आरटीओ ने निलंबित किया। इस पर परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारी ने ऐसे चालकों को नोटिस देने में मशक्कत कर रहे हैं। बताया जा रहा हैं कि अधिकांश चालकों लायसेंस बस्तर जिले के बाहर और दूसरे राज्यों जैसे भिंड मुरैना, पंजाब, झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश आदि के हैं। बस्तर जिले के लायसेंस होने पर नोटिस देने की सुविधा हो सकेगी, दूसरे जिले एवं राज्यों के लायसेंस पर नोटिस देने में परेशानी हो रही है। तीन महीने के बाद नए सिरे से चालान का भुगतान के बाद पुलिस थानों से इन वाहन चालकों को उनके लाइसेंस वापस मिल सकेंगे। वर्तमान में पुलिस एवं यातायात पुलिस की ओर से आरटीओ को ऐसे वाहन चालकों को निलंबित करने के लिए भेजा जा रहा है।

■ उड़नदस्ता, ट्रैफिक पुलिस की अनुशंसा पर आरटीओ कर रहे कार्रवाई

### लायसेंस निलंबित किया जाएगा

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि पुलिस एवं ट्रैफिक की ओर से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित की जा रही है।

## भाजपा व कांग्रेस के पूर्व विधायकों ने जीत का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

### नगर विकास कार्य कांग्रेस कार्यकाल में हुए हैं, जनता का मिलेगा समर्थन



प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव सम्पन्न होने के बाद सभी राजनीतिक दल जहां अपनी-अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे हैं तो वहीं प्रदेश समेत जगदलपुर नगरीय निकाय चुनाव के परिणामों को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना, कांग्रेस के पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी और कांग्रेस के पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता बाफना ने कहा है कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार को तीन इंजन की सरकार बनाने के लिए 11 फरवरी को जनता का मतदान के दौरान भाजपा को मिले आपार जनसमर्थन से यह तय हो गया है कि प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत में महापौर व अध्यक्ष प्रत्याशियों के नेतृत्व में भाजपा की स्थानीय सरकार बनेगी। साथ ही जगदलपुर नगर निगम के भाजपा के महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जीत दर्ज करायेंगे। बाफना ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन वाली सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यों और विकास की योजनाओं पर नगरीय निकाय के चुनाव में आम जनमानस में मोहर लगाई है। कांग्रेस के पूर्व विधायक रेखचन्द जैन ने कहा नगरीय निकाय चुनाव में मतदाताओं ने अपना निर्णय ले लिया है। ईव्हीएम में मत कैद हो चुका है। जैन के मुताबिक जनादेश कांग्रेस के पक्ष में है। भाजपा शासन के एक साल के कार्यकाल में ऐसा एक भी उपलब्धि नहीं है,जिसे प्रदेश व बस्तर की आमजनों से छिपी नही है। विकास कार्य सालभर भी किये गए या नहीं यह जनता को दिख रहा है। खासकर नगर निगम में ऐसा कोई कार्य महापौर के पाला बदलने के बाद किया गया,जिसे भाजपा अपना उपलब्धि में गिना सके। इसलिए शहर की जनता पहले से ही मूड बना चुकी थी कि नगरीय निकाय चुनाव में चाहे वह जगदलपुर नगर निगम और नगर पंचायत बस्तर के चुनाव में हमारी जीत सुनिश्चित है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वन विकास निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा नगरीय निकाय चुनाव ने न केवल जगदलपुर महापौर और बस्तर नगर पंचायत अध्यक्ष बल्कि निगम और नगर पंचायत में पार्षदो की भारी संख्या ने जीत भाजपा की होगी,बल्कि प्रदेश के 10 ने 9 महापौर व अधिकांश नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों में भाजपा के ग्राफ में वृद्वि होगी।

■ भाजपा को विश्वास, ट्रिपल इंजन की सरकार से नगर विकास सुनिश्चित

## माशा चेमल में मनाया गया पर्यावरण संरक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल के माध्यमिक शाला चेमल में जिला कोआर्डिनेटर भूपेन्द्र साहु तथा ब्लॉक कोआर्डिनेटर दुर्गूकोंदल बिनेक सिन्हा के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माशा चेमल, भांडारडिगी, लोहत्तर, सिंहारी, ईरागांव व हानपतरी के कुल 38 बच्चे शामिल हुए, जिसमें बच्चों की सृजनात्मक, रचनात्मक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कौशल समझ विकसित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित चित्रकला, थीम समुद्र प्लास्टिक और पर्यावरण तथा विडियो ग्राफी थीम स्कूल परिसर का शार्ट वीडियो बनाना आदि पर कार्य आयोजित किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में चेमल से 7, हानपतरी से 5, सिहारी से 5, भण्डारडिगी से 4 तथा ईरागाँव से 3 बच्चों का धमतरी कुरुद में फ्यू लेवल भ्रमण के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर माशा चेमल के प्रधान पाठक राम दयाल यादव, रघुनाथ तारम प्रधान पाठक भंडारडिगी, सीएसी सुरेन्द्र कुमार उइके आमगढ़, नरेश बनपेला चेमल, चुम्पेश्वर निषाद चेमल, सुखडू राम नरेटी इरागाँव, सरस्वती कंवर सिहारि, रामदुलारी रावटे लोहात्तर एवं समस्त शाला के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## नरहरदेव स्कूल परिसर से एक्टिवा की दिन दहाड़े चोरी, पुलिस जाँच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



कांकेर शहर के मध्य में स्थित नरहरदेव विद्यालय में कलेक्टोरेट के शासकीय कर्मचारी एक्टिवा को विद्यालय परिसर के बाहर रखकर विद्यालय गए। विद्यालय से काम खत्म करके बाहर निकले, परंतु जहाँ पर एक्टिवा रखी गई थी, वहाँ से एक्टिवा गायब हो गई थी। पीड़ित ने घटना के 12 वें दिन पुलिस थाना पहुँचकर चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज करके चोर की पतासाजी में जुट गई है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे 40 वर्षीय सुखूराम शोरी पिता स्व.सत्ताराम शोरी ने पुलिस को बताया कि मैं हाउसिंगबोर्ड ईमलीपारा का निवासी हूँ और जिला कलेक्ट्रेट कांकेर में शासकीय नौकरी में कार्यरत हूं । मैं 1 फरवरी को अपनी एक्टिव क्रमांक सीजी 19 बीआर 6045 से सुबह करीबन 9 बजे अपने निजी काम से आत्मानंद स्कूल नरहरदेव गया था और एक्टिवा क्रमांक सीजी 19 बीआर 6045 को लॉक करके स्कूल मैदान के पास रोड किनारे में खड़ा किया था। मै कुछ देर के बाद स्कूल से बाहर आया, तो देखा कि मेरी एक्टीवा क्रमांक सीजी 19 बीआर 6045 खड़े किए हुए स्थान पर नहीं थी, जिसे मैं आसपास पता तलाश किया एवं लोगो से पूछताछ किया जो कुछ पता नहीं चला। एक्टिवा क्रमांक सीजी 19 बीआर 6045 जिसका इंजन नंबर जेके15ईडब्ल्यू5032197 और चेचिस नंबर एमई4जेके156बीपीडब्ल्यू032279 है। एक्टिवा की कीमत करीबन 60 हजार रूपए है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। एक्टिवा क्रमांक सीजी 19 बीआर 6045 मेरी बहन शैलेंद्री नेताम के नाम से रजिस्ट्रेशन है। घटना के संबंध में मैं अपनी पत्नी इंद्रा बाई एवं बहन शैलेंद्री नेताम को बताया।

शासकीय कर्मचारी की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करते हुए अपराध दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दिया है।



## भाजपा ने पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाई

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानु प्रतापपुर के द्वारा 11 फरवरी को जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्मक मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष निखिल सिंह सिंह राठौर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय, नरोत्तम सिंह चौहान,रत्नेश सिंह, अरविंद जैन, हेम प्रकाश शिवहरे, अभय पांडे,संगीता डांडिया, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, लक्ष्मण कुलदीप, जुगल किशोर शर्मा, गणेश पटेल, रविंद्र साहू, अमन सिंह, नवीन जैन, विवेक देवांगन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान केंद्रों की जांच की



**दुर्गुकोंदल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर सहायक रिटर्निंग अधिकारी बैजनाथ नरेटी ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोड़ेकुर्से, शासकीय प्राथमिक शाला गुरदाटोला, शासकीय प्राथमिक शाला कराकी तथा शासकीय माध्यमिक शाला कोण्डरूंज स्थित मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय व विद्युत आदि के प्रबंधन का जायजा लिया तथा संबंधित संस्था प्रमुख, पंचायत सचिव एवं बीएलओ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए। संस्था के छात्र-छात्राओं से वार्षिक परीक्षा, प्रयास परीक्षा, एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा के संबंध में उनकी तैयारियों के बारे में बात करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। निरीक्षण के दौरान ईएम आरएस दुर्गुकोंदल के जेएसए आर्यन सिन्हा मौजूद रहे। कन्या माध्यमिक आश्रम कोडेकुर्से में मंडल संयोजक बैजनाथ नरेटी के द्वारा निरीक्षण किया गया और छात्राओं से वार्षिक परीक्षा एवं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारीयां के विषय में चर्चा कर परीक्षाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया।

# मतदाताओं की लगातार सहभागिता से मिले बेहतर परिणाम : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 मंगलवार 11 फरवरी को नगरपालिका परिषद कांकेर सहित नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से समापन हुआ। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत जिले के कुल 38275 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 18638 पुरूष मतदाता, 19634 महिला और 03 तृतीय लिंग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अब तक हुए नगरीय निकाय चुनावों में इस बार सर्वाधिक मतदान किए जाने पर जिले के जागरूक मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। कलेक्टर ने लोकतंत्र पर आस्था रखने वाले सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिले के कुल 81 वार्डों में 38275 मतदाता 81.13 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए मतदान किया है। इनमें 18638 पुरूष मतदाता, 19634 महिला मतदाता और 03 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल रहे। इस प्रकार जिले में मतदान करने वाले पुरूष मतदाताओं की सहभागिता का प्रतिशत 83.36, महिला मतदाताओ की सहभागिता 79.13 फीसदी रही, जिसके लिए सभी मतदाता बधाई के हकदार हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप चलाया गया। इसके तहत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही आदर्श मतदान केन्द्र भी स्थापित किए गए थे, जिसका सकारात्मक परिणाम सबके समक्ष है। इसी प्रकार जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगरीय निकाय निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, विशेष रूप से मतदान अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों और मतदाताओं की सुविधा और सेवा में लगे मतदाता मित्र स्काउट गाइड के वॉलंटियर्स के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में सभी ने अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जो काफी प्रशंसनीय रहा। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में संलग्न बीएलओ की भूमिका सराहनीय रही। इसी तरह निर्वाचन कार्य में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

